हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 अप्रैल 2024

06 3 वर्ष से सूखे पेड़ काटने की अनुमति के लिए भटक ...



07 नहीं थम रही नरवाई की आग, लापरवाही...





**लोकसभा क्षेत्र**
शहडोल

1 भाजपा प्रत्याशी
हिमाद्री सिंह

2 कांग्रेस प्रत्याशी
फुंदेलाल मार्को

**पिछली बार कौन जीता**
हिमाद्री सिंह

**जीत का अंतर**
40 हजार 333

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इस चुनाव में मुद्दों के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। अयोध्या में राम मंदिर, धारा 370 और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उसके ट्रंप कार्ड हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और कामों को भी गिना रही है। कांग्रेस में भगदड़ भी उसका एक मुद्दा है। इसके विपरीत कांग्रेस के फुंदेलाल क्षेत्र में सांसद हिमाद्री की निष्क्रियता को मुद्दा बना रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने घोषणा-पत्र में अपने मुद्दे गिना दिए हैं। पांच न्याय के साथ कांग्रेस ने 24 गारंटियों की बात की है। वह किसान कर्जमाफी को भी मुद्दा बना रही है और एमएसपी को भी। भाजपा और कांग्रेस का प्रचार जोर पकड़ता दिख रहा है।

### कोरोना काल में जनता के बीच नहीं दिखी थीं हिमाद्री, कांग्रेस के फुंदेलाल का पुष्पराजगढ़ में ज्यादा असर

# भाजपा प्रत्याशी से नाराजगी, मुकाबले में रहने की कोशिश में कांग्रेस

*विंध्य अंचल की शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद और भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह से क्षेत्र के लोगों में कुछ नाराजगी है, क्योंकि वह कोरोना कॉल में लोगों के साथ खड़ी नहीं दिखाई पड़ीं। दूसरी वजह पति और भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ चल रही उनकी अनबन भी है। खबर है कि पति और पत्नी साथ नहीं रह रहे हैं। बावजूद इसके भाजपा की स्थिति मजबूत है। कांग्रेस के फुंदेलाल मार्को विपरीत परिस्थिति में भी विधानसभा चुनाव जीतते रहे हैं। वे क्षेत्र का जाना-माना चेहरा हैं, लेकिन उनका असर उनके विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में ही ज्यादा है। हालांकि आदवासियों के एक वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ बताई जाती है। इसकी बदौलत वे मुकाबले में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

शहडोल की सांसद हिमाद्री सिंह चुनाव भले भाजपा की टिकट पर लड़ रही हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी है। उनके पिता दलबीर सिंह क्षेत्र के सांसद के साथ कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हैं। हिमाद्री की मां राजेश नंदिनी सिंह भी कांग्रेस से सांसद रही हैं। दलबीर सिंह के निधन के बाद राजेश नंदिनी सिंह ने पति की राजनीतिक विरासत संभाली और राजेश नंदिनी सिंह के निधन के बाद हिमाद्री चुनाव मैदान में उतरीं। हिमाद्री 2016 के उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से पहली बार मैदान में


हिमाद्री सिंह


फुंदेलाल मार्को

उतरी और भाजपा के ज्ञान सिंह से 60 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजित हो गईं। नतीजा, अगले लोकसभा चुनाव 2019 से पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वे कांग्रेस की प्रमिला सिंह को रिकार्ड 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर हरा कर जीत गईं। खास बात यह भी है कि हिमाद्री ने कांग्रेस में रहते भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ शादी की थी, जबकि नरेंद्र सिंह 2009 में उनकी मां राजेश नंदिनी सिंह के खिलाफ ही लोकसभा चुनाव लड़े थे और 13 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हार गए थे। हिमाद्री 4 लाख से ज्यादा वोटों के रिकार्ड अंतर से चुनाव जीती थीं। हालांकि कोरोना कॉल में वे क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ी दिखाई नहीं पड़ीं। इसकी वजह से लोगों में उनके प्रति नाराजगी है। दूसरा, हिमाद्री के पति नरेंद्र सिंह मरावी भाजपा के बड़े नेता हैं। वे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं। हिमाद्री अपने पति से अलग रह रही है। इसकी वजह से भी कुछ लोग नाराज बताए जाते हैं। इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि भाजपा की हालत ठीक नहीं है। शहडोल में देश की हवा का असर है और यहां एक बार फिर भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है। कांग्रेस के फुंदेलाल भी क्षेत्र के मजबूत नेताओं में से एक हैं। भाजपा की लहर में भी वे विधानसभा चुनाव नहीं हारे।

### विस में भाजपा ने जीतीं 8 में से 7 सीटें

विधानसभा की ताकत के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। पार्टी ने 8 में से 7 सीटें जीत रखी हैं। इसके विपरीत कांग्रेस को सिर्फ एक सीट पर संतोष करना पड़ा है। यह सीट भी कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल की पुष्पराजगढ़ है। वे यहां से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते हैं। हालांकि इस बार उनकी जीत का अंतर बहुत घट गया। फुंदेलाल 2013 में 35 हजार 643 और 2018 में 21 हजार 201 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे, लेकिन चार माह पहले 2023 के चुनाव में वे 4 हजार 486 वोटों से ही जीत सके। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस बराबरी पर थे। दोनों ने 4-4 विधानसभा सीटों में जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार भाजपा ने 7 सीटें जीतीं और जीत का अंतर भी कुल मिलाकर 2 लाख 12 हजार 835 वोट का है। इस अंतर को पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### शहडोल में आधे से ज्यादा मतदाता आदिवासी

शहडोल लोकसभा सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। क्षेत्र में आदिवासियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी आधे से ज्यादा है। 2011 की जनगणना के मुताबिक शहडोल क्षेत्र के तहत 44.76 फीसदी आबादी आदिवासी वर्ग की है। इसके साथ क्षेत्र में 9.35 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति वर्ग की है। इन दोनों वर्गों के मतदाता भाजपा-कांग्रेस में बंटते हैं, लेकिन ज्यादा भाजपा के पक्ष में ही जाते हैं। आदिवासी वर्ग का कुछ वोट गोंगपा भी ले जाती है। इसके बाद क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद 30 फीसदी के आसपास है। यह वर्ग ज्यादा तादाद में भाजपा के पक्ष में ही जाता है। कांग्रेस को पिछड़ों के साथ कुछ सवर्णों का वोट मिलता है।

### चार जिलों में फैला है शहडोल लोकसभा क्षेत्र

शहडोल की गिनती विंध्य अंचल में होती है, लेकिन इसका भौगोलिक क्षेत्र महाकौशल तक जाता है। लोकसभा क्षेत्र चार जिलों शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और कटनी तक फैला है। इसके तहत शहडोल जिले की दो विधानसभा सीटें जयसिंहनगर और जैतपुर, अनूपपुर जिले की तीन अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ और कोतमा, उमरिया जिले की दो बांधवगढ़, मानपुर और कटनी जिले की एक विधानसभा सीट बड़वारा आती है। इनमें से एक पुष्पराजगढ़ को छोड़ शेष सभी 7 पर भाजपा का कब्जा है। जहां तक शहडोल लोकसभा सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 और 2009 में यहां से कांग्रेस के दलवीर सिंह और उनकी पत्नी राजेश नंदिनी सिंह ही चुनाव जीते है।

### दिन का तापमान 38.4 डिसे और रात का तापमान 24.5 डिसे दर्ज

# दिन में उमस भरी गर्मी से लोगों को निकला पसीना, रात में राहत

पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवा के साथ साथ आसमान में बादलों की लुकाछिपी से नर्मदापुरम में लोगों को राहत मिली है, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोग परेशान भी नजर आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले 5 दिनों से पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के चलते नर्मदांचल के



तापमान में इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 4 अप्रेल को नर्मदापुरम में सीजन का सर्वाधिक तापमान दिन में 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं रात का तापमान 23.6 डिसे दर्ज किया गया है। वहीं 5 अप्रेल को नर्मदापुरम में दिन के तापमान में आंशिक कमी दर्ज की गई थी जिसमें दिन का तापमान 39.6 डिसे रहा। वहीं रात का तापमान यथावत 23.6 डिसे दर्ज किया गया। शनिवार को आसमान में बादल बने रहने और हवाओं के चलते तापमान में करीब एक डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। इस दौरान दिन में अधिकतम तापमान 38.2 डिसे दर्ज किया गया। वहीं रात के तापमान में करीब एक डिसे की वृद्धि दर्ज की गई। इस दिन रात का तापमान 26.2 डिसे दर्ज किया गया। रविवार को दिनभर बादलों की लुकाछिपी जारी रही। रविवार को नर्मदापुरम का तापमान 38.4 डिसे और रात का तापमान 24.5 डिसे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती हवाओं के चलते कुछ क्षेत्रों में तेज हवा के साथ साथ हल्की बारिश भी हो सकती है।

## साहू समाज ने धूमधाम से मनाई मां कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश तैलिक साहु समाज संगठन की इटारसी शाखा द्वारा माँ कर्मा जयंती पर विशाल वाहन रैली श्री द्वारकाधीश मन्दिर तुलसी चोक से निकाली गई। श्री द्वारकाधीश मन्दिर समिति के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रमेश चांडक, सचिव शैलेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद पगारे, प्रबन्धक दिनेश सेनी ने माँ कर्मा की पूजन अर्चन की एवम समाज के पदाधिकारियों रमेश के साहू एडवोकेट, रमेश सलोनी साहू, विकान्त बड़कुल, अभिषेक साहू, शुभम साहू, प्रज्ञान साहू का स्वागत किया एवं उपस्थित सामाजिक लोगों पर पुष्प वर्षा की।

## मधुबन अस्पताल बुधनी प्रबंधन ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजेंद्र गुप्ता एवं मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में मधुबन अस्पताल, बुधनी द्वारा ट्राइडेंट ग्रुप, बुधनी के हॉस्टल परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक उपस्थित मरीजों की जांच व स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में अस्पताल के डायरेक्टर जनरल सर्जन डॉ सीए हैरिसन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रीति पवार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ वीरेंद्र राजपूत, डॉ महेंद्र यादव और मधुबन अस्पताल की टीम उपस्थित रही। जिन्होंने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को उचित सलाह दी गई।

## नर्मदा घाट पर युवाओं का स्वच्छता अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा निर्मलीकरण के लिए 'सबका साथ हो नर्मदा साफ हो ' का नारा बुलंद करते हुए नगर की जय हो समिति ने विवेकानंद घाट पर रविवार को सफाई अभियान चलाया।

समिति के सदस्यों ने घाट पर पड़े कपड़े, पॉलीथिन, खाद्य सामग्रियों के पैकेट, बोतलें इत्यादि एकत्तरित कर कूड़ेदान में डाला। लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।सफाई करने वालों में समिति के अर्पित मालवीय, सागर पटैल, पंकज मेहरा, जतिन यादव, अनुराग वर्मा, राजेंद्र यादव, प्रथम बावरिया, राजा मालवीय, कौशिक बावरिया, कामेश नेमा, अंकित सागर, विशाल बावरिया, सुजीत कैथवास, राहुल चौकसे, विवेक वर्मा उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए होगा कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सनातन नव वर्ष, गुड़ीपड़वा की पूर्व संध्या चैत्र अमावस्या एंव मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें देश के मौलिक स्थापित कविगण माँ रेवा की कलकल धारा के साथ स्वर साधना करेंगे। समिति अध्यक्ष निर्मला हंस राय ने बताया की अखिल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 8 अप्रैल सोमवार रात्रि 8 बजे से माँ नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट पर किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक केप्टिन करैया ने बताया की देश के विभिन्न अंचलों के ख्याति प्राप्त कवियों को आंमत्रित किया जा रहा है। जिसमें राजेंद्र आलसी इटारसी,अजातशत्रु उदयपुर, कौशल सक्सेना रायसेन, अर्जुन सिंह चांद झांसी,पंकज अंगार ललितपुर, प्रख्यात मिश्रा लखनऊ, कुलदीप रंगीला देवास,मनीष गोस्वामी व्यावरा, श्रृद्धा शौर्य नागपुर, शीतल देवयानी इंदौर अपनी प्रस्तुति देंगे। श्री करैया ने बताया की उक्त आयोजन की नीव वरिष्ठ कवि स्व.श्री संतोष इंकलाबी ने रखी थी। आज वह हमारे बीच नही है परन्तु उनकी स्मृति मे हम आज भी इंकलाबी जी व्दारा स्थापित किया मंच (अखिल भारतीय कवि सम्मेलन) कराने का निर्वाहन हम निरंतर करते आ रहे है। समिति के हंस राय,बलराम शर्मा ने नर्मदाचंल क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमी नागरिकों से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में उपस्थित होकर काव्य रसपान करने का आव्हान किया है।

## दुर्गा वाहिनी का शिक्षिका प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वयंवरम गार्डन में विगत तीन दिन से चल रहे दुर्गावाहिनी मध्यभारत प्रांत के शिक्षिका प्रशिक्षण वर्ग के समापन कार्यक्रम जो रानी दुर्गावती के 500वे जन्म जयंती वर्ष के लिए उपलक्ष्य में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ज्योति उपाध्याय ने रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम से युवतियों में दुर्गावती जैसे साहस, त्याग, स्वाभिमान राष्ट्र प्रेम और चरित्र निर्माण के गुणों को विकसित कर अपने सभी कार्यों के साथ राष्ट्र



निर्माण व धर्म की रक्षा के लिए प्रेरणा देता है। आज भी महिलाएं मां, पत्नी, बेटी के रूप में घर से लेकर बाहर के सभी कार्यों को करने में समर्थ है सभी के साथ राष्ट्र के लिए भी थोड़ा समय निकालने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही दुर्गा भदौरिया जी ने बताया कि रानी शिक्षा के साथ साथ धनुर्विद्या, तलवार, घुड़सवारी, युद्ध कौशल व राजकीय कार्यों में भी दक्ष थी।

## भाजपा नमामि देवी नर्मदे प्रकल्प बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** लोकसभा चुनाव के सिलसिले में रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में नमामि देवी नर्मदे प्रकल्प की महत्वपूर्ण आयोजित की गई। बैठक को प्रकल्प के प्रदेश संयोजक कमल राजपाल ने संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश की दिशा तय करने वाला चुनाव है। हमे इस चुनाव में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी को जिताने के लिए प्राण एवं प्रण से जुटना है। चुनाव के लिए प्रकल्प कोई अलग से योजना नहीं है। हमें भाजपा के योजना के अनुसार ही अपने क्षेत्र गांव या बूथ पूरी जिम्मेदारी से दायित्व निभाना है।

### लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक सहभागिता के लिए...

# रैली निकालकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनपद पंचायत नर्मदापुर अंतर्गत रामपुर ग्राम में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ग्राम में रैली निकाली गई। ज्ञातव्य हो कि जनपद नर्मदापुरम अंतर्गत होशंगाबाद, सिवनी मालवा एवं सोहागपुर तीनों विधानसभाओं की ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं। जिनमें 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विधान सभा के मतदान केन्द्र 136,137 में बूथ स्तरीय



जागरूकता समूह द्वारा ग्राम के मुख्य मार्गों से मतदान जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए प्रेरित किया विभिन्न नारो के साथ रैली में सहायक विकास विस्तार अधिकारी एसएल सातनकर, ग्राम पंचायत सचिव तुकाराम चौरे, सहायक सचिव सतीश यादव, बीएलओ बिहारीलाल कुशवाहा, शिक्षक मनोज चौहान, मनीष तिवारी, संजय सराठे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बैजन्ती यादव आंगनवाड़ी सहायिका बबली अहिरवार, सीमा चौरे, आशा कार्यकर्ता माया पटवा, गिरजा घुरेले, ग्राम कोटवार राजेन्द्र यादव सहित अन्य शासकीय कर्मचारी ने रैली में भाग लिया।

## माता महाकाली मंदिर में चला स्वच्छता अभियान

**नर्मदापुरम।** चैत्र नवरात्र पर्व के पूर्व शहर के ग्वालटोली क्षेत्र स्थित माता महाकाली मंदिर में ग्वाल नर्मदा सेना के सदस्यों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने रविवार को मंदिर की छत, दीवारों एवं फर्श पर जमा विभिन्न प्रकार का कचरा एवं जाले साफ किया, विभिन्न प्रकार का कूड़ा, दूषित पूजन सामग्री को हटाया। जल से मंदिर के फर्श एवं स्टील ग्रिल को साफ किया, ग्वाल नर्मदा सेना पिछले 8 वर्षों से लगातार नर्मदा के तटों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चला रही है। साथ ही वृक्षारोपण कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य परोपकारी एवं सामाजिक कल्याण का कार्य भी नर्मदा सेना के द्वारा समय समय पर किया जा रहा है।

## वेलफेयर सोसाइटी ने नर्मदा घाट पर किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



रविवार को सेठानी घाट पर महादेव वेलफेयर सोसाइटी ने सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने नर्मदा तट पर बड़ी मात्रा में गुलाल जमा हुआ था वह साफ किया। जल से सीढ़ियां साफ की। फर्श को जल से साफ किया गया। इस दौरान महादेव वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष मिहिर श्रीवास्तव जिला सचिव रजत यादव, जिला मीडिया प्रभारी दीपक, साहू, जिला कार्यालय मंत्री सौरभ परसाई, जिला सह संयोजक छत्रपाल ठाकुर, जिला सह मंत्री जितेंद्र मौर्य, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु यादव, जिला आईटी सेल प्रभारी संस्कार परोलकर, जिला सह सचिव ऋतिक दुबे, जिला मंत्री आकाश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी, पियूष स्वामी, राहुल तिवारी, स्वयंम सेन, वैभव वर्मा, आशुतोष गौर, आदि मौजूद रहें।

## पूर्व मुख्य सचिव कृपाशंकर शर्मा की धर्मपत्नी शकुंतला शर्मा का निधन



**नर्मदापुरम।** मप्र शासन के पूर्व मुख्य सचिव पं कृपाशंकर शर्मा की धर्मपत्नी एवं पूर्व जिपं अध्यक्ष भवानीशंकर शर्मा, पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा, वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की भाभी शकुन्तला शर्मा का रविवार को निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार को प्रातः 9 बजे लक्ष्मी विलास, जगदीशपुरा से राजघाट नर्मदापुरम के लिए निकाली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### शतप्रतिशत मतदान जागरुकता के लिए अभियान जारी

**बैतूल।** अधिक से अधिक मतदान हो, कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित ना रहे इसके लिए शतप्रतिशत कराने अनेक प्रकार से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससमें सबसे पहले मतदान करने की जाग्रति लाने के लिए शिक्षकों व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने गौठाना स्कूल में रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। रंगोली के माध्यम से बच्चों ने रंगों से सुंदर आकृतियों का निर्माण कर उपस्थित लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी व स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत अधिकारी अक्षत जैन के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता चलाया जा रहा है। इस मौके पर उपस्थित शिक्षक मदनलाल डढोरे ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया जा रहा है कि मतदान दिवस के दिन सभी शतप्रतिशत मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। जिससे की सर्वणीम राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर किरण चौधरी, मोनिका वर्मा, गायत्री बारस्कर, जयश्री मेश्राम, तनवीर खान, आशा मालवीय, वंदना ठाकरे, अकिला बानो, जया राघोते, मोना मालवीय सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### पुलिस अधीक्षक ने दी चुनाव से संबंधित जानकारियां

**सारनी।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता लागू होने पर चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार चुनाव संबंधित आवश्यक तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अनुभाग स्तरीय प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देशित किया गया था। जिनके निर्देश पर चुनाव ड्यूटी में लगने वाले अनुभाग सारनी के पुलिस कर्मचारी,डब्ल्यू सीएल सुरक्षाकर्मी, मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सुरक्षाकर्मी एवम कोटवारो को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण श्रम कल्याण केंद्र सारनी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया भी सम्मिलित हुए जिन्होंने चुनाव ड्यूटी के दौरान ड्यूटी से संबंधित कर्तव्यों का निर्वहन करने संबंधी बारीकियो से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यकम में अनुविभागीय अधिकारी सारणी रोशन जैन द्वारा मतदान दिवस के दिन किए जाने वाले सुरक्षा उपायों और कर्तव्यों के के संबंध में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स प्राचार्य शंकर भंडारे, व्याख्याता रमेश पाटिल ने प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण में रोशन जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सारणी, संतोष पथोरिया नायब तहसीलदार सारनी, राघव सिक्योरिटी इंचार्ज मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी सारनी, अरविंद कुमरे थाना प्रभारी सारनी, अवधेश तिवारी थाना प्रभारी रानीपुर, राकेश सरियाम थाना प्रभारी चोपना, अनुभाग सारनी के पुलिस अधिकारी कर्मचारी, वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सुरक्षा कर्मी तथा ग्राम कोटवार सहित 150 लोगो ने चुनाव संबंधी प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया और सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने बहुत सलीमता से बारिकी की जानकारी एकत्रित करने का कार्य किया ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की कोई त्रुटि एवं लापरवाही ना हो सके।

### 64 कलाओं पर आधारित कौशल शिविर प्रारंभ

**बैतूल।** ई.एफ.ए.शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय बैतूल गंज में 64 कलाओं पर आधारित कौशल शिविर का आयोजन शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य ललित लाल लिल्होरे के मार्गदर्शन में 5 अप्रैल से प्रारंभ हुआ। शिविर के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य ललित लाल लिल्होरे ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्राओं को 20 विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे विद्यालय की छात्राओं को विभिन्न कलाओं की बारिकियों को समझाया जा सके। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का व्यक्तित्व विकास करना और अच्छे समाज का निर्माण करना है जिसके लिए जिले के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन लिया जा रहा हैं और हमारे विद्यालय में भी ऐसे विषय विशेषज्ञ है जिनका लाभ छात्राओं को मिलेगा।

---

नपा की अनुमति बताकर जनपद ने काट फेंके हरे भरे वृक्ष

# 3 वर्ष से सूखे पेड़ काटने की अनुमति के लिए भटक रहा वन विभाग





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

वन विभाग परिसर में लगे नीलगिरी के सूखे पेड़ वन विभाग परिसर में रह रहे परिवारों के लिए गंभीर संकट है और वन विभाग बीते 3 वर्षों से इन पेड़ों को काटने की अनुमति मांग रहा है किंतु नगर पालिका ने अब तक वन विभाग के परिसर में लगे इन सूखे पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं दी। वहीं दूसरी ओर जनपद में दुकान निर्माण के लिए जनपद परिसर में लगे हरे भरे वृक्षों को जेसीबी से उखाड़ फेंका गया। दुकान निर्माण के नाम पर हरेभरे वृक्ष को काटकर उखाड़ फेंका गया। वृक्षों को काटा गया है उनमें करंजी के वृक्ष तीन ,एक अशोक का, एक बढ़ बरगद का एवं बकाओ का वृक्ष शामिल है। जब हमने मामले की पड़ताल की तो चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए है।

### *राजस्व निरीक्षक के पंचनामे अनुसार नहीं लिया गया वन विभाग का अभी मत*

*जनपद कार्यालय के सामने लगे हरे भरे वृक्षों को काटने से पूर्व राजस्व निरीक्षक द्वारा पंचनामा बनाया गया था जिसमें करंजी अशोक बरगढ़ आदि के पेड़ों का उल्लेख करते हुए यह कहा गया था कि जनपद दुकानों निर्माण के लिए पेड़ों को काटे जाना है किंतु हरे पेड़ों को काटे जाने के लिए वन विभाग का अभीमत लिए जाने के उपरांत ही अग्रिम कार्रवाई किया जाना उचित होगा।*

### *वन विभाग ने नहीं दिया जनपद कार्यालय के हरे वृक्ष काटने का अभीमत*

*हमने जब इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी नितिन पवार से चर्चा की तो उनका कहना था कि हमसे जनपद कार्यालय के सामने लगे हरे वृक्षों को काटने के लिए कोई अभीमत नहीं लिया गया। उल्टा हम 3 वर्षों से वन विभाग परिसर में जो सूखे झाड़ है उसको काटने के लिए नगर पालिका से अनुमति मांग रहे हैं जो हमें नहीं मिली। वन विभाग परिसर में वन विभाग का स्टाफ और उनके परिवार रहता है यह सुखे पेड़ कभी भी गिर सकते हैं जिससे जन हानि हो सकती है। हमने नगर पालिका को सूखे पेड़ काटने की अनुमति के लिए पत्र लिखा तो उन्होंने हमें जनपद कार्यालय के हरे वृक्षों की फाइल भेज दी हमें आश्चर्य हो रहा है कि हमने वन विभाग के परिसर में लगे वृक्ष काटने की अनुमति मांगी तो उन्होंने जनपद कार्यालय के वृक्षों का विवरण भेज दिया ।*

---

तापमान 34 के आसपास बना रहा

## आसमान में छाए रहे बादल कहीं-कहीं होती रही बूंदा-बूंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे कहीं पर रुक-रुक कर बूंदा बूंदी होते रही। कहीं पर तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना भी व्यक्ति की गई हालांकि रविवार सुबह 6 से लेकर शाम 4 तक आसमान पर काले बादल छाए रहे 4 के बाद कुछ देर तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होते रही आसमान में काले बादल और बूंदाबांदी होने की वजह से हवा की फिजा में नमी पाई गई इस वजह से रविवार को शाहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 34 सेल्सियस तापमान रहा जबकि 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली और नामी में 28 प्रतिशत का माहौल बदल रहा अप्रैल में बारिश की तरह माहौल लगने की वजह से होने वाली गर्मी से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने कुछ राहत महसूस करने का कार्य किया है। मौसम विभाग की माने तो नर्मदापुरम संभाग के बैतूल हरदा सहित अन्य स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम के रुख की वजह से लोग अपने-अपने घरों में डूबते रहे जबकि बिजली की आंख मिचौली का दौर जारी रहा।

### डॉ.सिंह की कलाकृति इंडोनेशिया प्रदर्शिनी के लिए चयनित



**बैतूल।** रेनबो आर्ट वल्ड द्वारा इंटरनेशनल आर्ट कैम्प एडं एग्सिबिशन ह्यमांईड्स आईह्न बाली इंडोनेशिया में 15 से 17 अप्रैल तक आयोजित कि जा रही है। जिसमें विश्व के ख्यातिनाम कलाकारों की कलाकृतियों का संयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी के लिए बैतूल निवासी और वर्तमान में शासकीय गीतांजलि कन्या महाविद्यालय भोपाल में सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष)के पद फाईन आर्ट में पदस्थ डॉ.कीर्ति सिंह की कलाकृति का चयन किया गया है। प्रदर्शनी में 6 देशों के 30 कलाकार प्रख्यात कलाकार हिस्सा लेंगे। डॉ.कीर्ति सिंह का बचपन बैतूल जिले के छोटे आदिवासी गांवों में गुजरा है।

---

# भोपाली मेला खत्म लेकिन गंदगी मेला प्रांगण में बरकरार

## जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी नहीं कर रही साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



छोटा महादेव भोपाली महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह मेले का आयोजन किया जाता है और यह मेले का आयोजन 7 मार्च को किया गया जबकि मेले का समापन 21 मार्च को किया जा चुका है। छोटा महादेव भोपाली में यह मेल लगभग 15 दिन तक रहता है 15 दिन के मेले के बाद इस स्थान पर बड़ी मात्रा में पॉलिथीन सहित अन्य तरह की गंदगी 7 एकड़ से अधिक के क्षेत्रफल में पड़ी है जिसे हटवाने में जनपद पंचायत घोड़ाडोगरी के अधिकारी विफल साबित हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि मेले के समापन की घोषणा 21 मार्च को की जा चुकी थी उसके बाद से लेकर अभी तक 15 दिन से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन भोपाली मेला प्रांगण जहां पर मेले का आयोजन किया जाता था वहां पर साफ सफाई न होने के कारण प्रतिदिन भोपाली मेला जाने वाले श्रद्धालु एवं पुजारी को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। बताया जाता है कि मंदिर के नीचे के पुजारी के माध्यम से तहसीलदार,एसडीएम और जनपद पंचायत घोड़ाडोगरी के सीईओ और जनपद अध्यक्ष को लिखित शिकायत देकर व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई लेकिन जनपद पंचायत घोड़ाडोगरी के छोटे-बड़े कर्मचारियों के माध्यम से गंभीर समस्या का निराकरण करने में विफल साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि वन ग्राम क्षेत्र के लोगों में कई तरह की गंभीर बीमारियों के अलावा मवेशी भोपाली मेले के कचरे का सेवन करके गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं ऐसी स्थिति को देखते हुए वन ग्राम क्षेत्र के लोगों के माध्यम से कलेक्टर से निवेदन किया गया है कि भोपाली मेले में जो मेले का आयोजन किया गया था उसके बाद जो गंदगी खेतों में पड़ी हुई है उसकी साफ सफाई करने का कार्य किया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर बीमारियों की समस्या से ग्रामीण क्षेत्र के लोग लोग एवं मवेशी ना जुझ सके।

### सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा को मिला डॉक्टर

**सारनी।** प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा में पिछले 18 वर्षों से स्थाई डॉक्टर ना होने के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोग भगवान भरोसे अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे के अर्थक प्रयास के बाद 16 मार्च को सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा को डॉ. संजय बढोनिया मिले हैं। बताया जाता है कि पाथाखेड़ा की मुख्यमंत्री क्लीनिक में डॉक्टर की व्यवस्था न होने के कारण सप्ताह में तीन दिन उप स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा और तीन दिन मुख्यमंत्री क्लिनिक पाथाखेड़ा में अपनी सेवा देंगे बताया जाता है कि 16 मार्च के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नियमित बैठने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब अस्पताल पहुंचकर अपना उपचार प्राथमिकता के साथ कर सकते हैं। बताया जाता है कि डॉ. संजय मिलनसार और बेहतर उपचार करने में माहिर है। 7 साल की नौकरी में उनके माध्यम से कई अच्छे कार्य करने का क्रितिमान स्थापित करने का कार्य किया गया है।

# चुनाव आब्जर्वर ने लिया नगरीय क्षेत्र के मतदान केंद्र और स्ट्रांग रूम का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने मुलताई पहुंचे चुनाव ऑब्जर्वर एवं आईएस प्रदीप कुमार ठाकुर ने मुलताई नगरीय क्षेत्र के मतदान केंद्रो में व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण के दूसरे चरण के संबंध में जाना। चुनाव ऑब्जर्वर ने स्थानिय निर्वाचन अधिकारियों के साथ अंबेडकर वार्ड मतदान क्रमांक 116, भगत सिंह वार्ड में मतदान क्रमांक 118 ,119 एवं 120 में व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इसके उपरांत वह हाई स्कूल ग्राउंड पहुंचे जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्था देखी। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया ने चुनाव आब्जर्वर को मुलताई विधानसभा क्षेत्र के 1 घंटे से अधिक समय में पहुंच वाले सालबर्डी मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी दी , साथ ही विधानसभा क्षेत्र में 277 विकलांग और बुजुर्ग लोगों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा की गई मतदान व्यवस्था एवं क्षेत्र के 638 सर्विस वोटर जो की मुलताई क्षेत्र के निवासी है और सेना मे सर्विस करते हैं ऐसे स्थानीय मतदाता सेवा में रहकर ऑनलाइन मतदान कर सकेंगे इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी । इस अवसर पर एसडीओ पुलिस सुरेश पाल सिंह, तहसीलदार अनामिका सिंह ,नगर पालिका अधिकारी आर के ईवनाती, नायब तहसीलदार भगवानदास कुमरे, लोक निर्माण उपयंत्री डीआर कलमकर, नगर पालिका उप यंत्री योगेश अनेराव सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# आदतन अपराधियों का होगा जिलाबदर दस से अधिक लोग हुए चिन्हित

## लोकसभा चुनाव के मतदान के पहले जिलाबदर की होगी कार्रवाई

**सारनी।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आदतन अपराधी जिनके ऊपर कई अपराध पंजीबद्ध है और ऐसे लोग शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अशांति का माहौल उत्पन्न करने का कार्य करते हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित करके इन लोगों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने का कार्य किया गया है संभावना व्यक्त की जा रही है कि लोकसभा मतदान के पहले ऐसे लोगों को जिलाबदर की कार्रवाई होगी।

सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि ऐसे 10 से अधिक आदतन अपराधी है जिनकी जिनके प्रकरण को तैयार किया जा चुका है और कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने का कार्य किया जाएगा जिसकी वजह से इन्हें जिलाबदर की कार्रवाई होगी जिस से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शांति का माहौल उत्पन्न होगा सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि ऐसे आरोपी जिनके ऊपर 15 से अधिक अपराध पंजीबद है और वह आदतन अपराधी है लेकिन उनमें किसी भी तरह की सुधार की संभावना दिखाई नहीं दे रही है ऐसे लोगों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने बताया कि सुनील उर्फ लेफ्टी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून 1980 के तहत कार्रवाई करने का कार्य किया गया है तब से असामाजिक और अपराधी तत्व के लोगों में हड़कंप का माहौल उत्पन्न हुआ है।

**दो स्थाई एक गिरफ्तारी वारंट तामील कराया :** लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वारंटो की तामिली कराया जाने के निर्देश पर सारनी पुलिस ने स्थाई वारंटी शंकरलाल पिता बाबूलाल उम्र 50 साल निवासी मोरडोंगरी को प्रकरण क्रमांक भादवि,वारंटी जगनू पिता भादे उम्र 50 साल निवासी रैयाबाड़ी को भादवि तथा गिरफ्तारी वारंटी अनिल पिता चिरौंजीलाल मालवीय उम्र 48 साल निवासी ओल्ड एफ सारनी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

---

कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद और पूर्व विधायक

## दो दिवसीय मां कर्मा जयंती समारोह का हुआ समापन

**बैतूल।** साहू समाज समिति, सदर बाजार बैतूल के तत्वाधान में भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती समारोह वर्ष 2024 का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री पद्म शेषनागदेवता मंदिर परिसर, भगतसिंह वार्ड पक्का कुआ के पास, सदर बाजार में जयंती समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि डीडी उईके सांसद, अलकेश आर्य पूर्व विधायक मुख्य अतिथि रामचरण साहू अध्यक्ष पेंशनर, विशेष अतिथि अखलेश फुलवार



मुलताई, समिति के वरिष्ठ, बीएल साहू मैनेजर उपस्थित रहे। दो दिवसीय जयंती समारोह के तहत 4 अप्रैल को स्वच्छता अभियान पौधारोपण अभियान सहित दीपोत्सव एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। 5 अप्रैल को मां कर्मा जयंती के अवसर पर विशाल वाहन रैली का भव्य स्वागत किया गया। दोपहर 1.45 बजे से महापूजन कार्यक्रम, दोपहर 3.55 बजे से भजन कार्यक्रम, शाम 5.55 बजे से स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, अतिथियों के उद्बोधन प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में स्वागत अभिनंदन प्रमिला साहू, माया साहू, पुष्पा चौधरी के द्वारा किया गया।

---

कलेक्टर ने विजयी टीम को प्रदान किया विजयी कप

# नर्मदापुरम ऑफिसर्स इलेवन 3 विकेट से विजयी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वीप कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आफिसर्स इलेवन नर्मदापुरम ने 4 विकेट से विजय हासिल की। स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पर रविवार को सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता बैतूल आफिसर्स इलेवन एवं नर्मदापुरम ऑफिसर इलेवन के बीच खेली गई। नर्मदापुरम ने टॉस जीतकर बैतूल आफिसर्स इलेवन को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

पुलिस कप्तान एवं बैतूल इलेवन क्रिकेट टीम के कप्तान निश्चल झारिया की कप्तानी में टीम ने 20 ओवर में 169 रनों का लक्ष्य रखा। इसमें हेमंत और वरुण सिंह ने 38 और 37 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। नर्मदापुरम ऑफिसर की ओर से बालिंग करते हुए श्री सुजान ने 4 विकेट और अनुराग ने 3 विकेट चटकाए। नर्मदापुरम ने 20 ओवर में 3 बोल रहते हुए 170 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विशाल शर्मा को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन बैतूल के हेमंत और बेस्ट बॉलर सीईओ नर्मदा पुरम सुजान रावत को दिया गया। पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने टॉस के बाद मैच शुरू होने से पूर्व खिलाड़ियों और दर्शकों को मतदान कीशपथ दिलाई।

### कप्तान और पुलिस कप्तान ने खेली आकर्षक पारी

बैतूल आफिसर्स इलेवन के कप्तान और जिले के पुलिस कप्तान ने अपनी कप्तानी पारी आज कई आकर्षक शॉट मारकर तालियां बटोरी। मध्यम क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे निश्चल झारिया ने अपनी 13 गेंदों की पारी में 3 चौके की मदद से 18 रन बनाए। कप्तान श्री झारिया सुजान रावत की गेंद पर पगबाधा आउट हुए।

### *नर्मदापुरम का विजयी अभियान*

*नर्मदापुरम इलेवन की ओर से ओपनर बल्लेबाज सुजान एवं अनिल ने 170 रनों के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए धीमी परंतु ठोस शुरुआत की। सुजान ने अपनी पारी में 3 चौकों की मदद से 22 रन बनाए। अनिल 3 रन बनाकर जल्द ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद सुजान का साथ देने आए प्रतीक ने धुआंधार बल्लेबाजी कर 8 चौकों की मदद से 43 रनों को व्यक्तिगत पारी खेली। विशाल ने 4 चौकों और 01 विजयी छक्का मारा। अनुराग ने 6 रन बनाए और दिशा ने 01 रन की नॉट आऊट पारी खेली। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को पुरूस्कृत करते हुए कहा कि हर मैच का परिणाम हार जीत है। परंतु इस सदभाव मैत्री मैच का उद्देश्य हार जीत से ऊपर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करना है।*

## नपा के दो बार अध्यक्ष रहे पं. नरेंद्र शुक्ला भाजपा में शामिल



**बैतूल।** जिस बैतूलबाजार को पंडित नरेन्द्र शुक्ला की वजह से कांग्रेस का गढ़ कहा जाता था, आज वही नरेन्द्र शुक्ला अपने समर्थको के साथ भाजपा में शामिल हो गए। जिले का सबसे प्राचीन गांव एवं नगरीय क्षेत्र बैतूलबाजार में अभी तक नरेन्द्र शुक्ला एवं उनकी जीवन संगिनी ही सबसे अधिक समय तक बैतूलबाजार नगर परिषद के अध्यक्ष चुने गए। शुक्ला परिवार की सरोजनी शिवकुमार शुक्ला बैतूल कृषि उपज मंडी की अध्यक्ष रह चुकी है। शुक्ला परिवार के एक अन्य सदस्य राजेश शुक्ला पप्पू भैया बैतूल जनपद के सदस्य चुने गए थे। बैतूलबाजार में शुक्ला चौक निवासी पंडित नरेन्द्र शुक्ला का भाजपा में प्रवेश को एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने उनके चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। श्री शुक्ला के प्रवेश की भाजपा विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मुक्त कंठ प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा में ऐसे वरिष्ठ समाजसेवियो का स्वागत एवं अभिनंदन है। श्री खण्डेलवाल ने श्री शुक्ला के भाजपा में प्रवेश से बैतूलबाजार नगरीय क्षेत्र में भाजपा के प्रभाव एवं संगठन के विस्तार होने की बात कही। भाजपा जिला महामंत्री सुधाकर पंवार ने भी श्री शुक्ला का भाजपा में प्रवेश पर स्वागत किया। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे।

### प्रतिदिन सैकड़ों किसान खेत में जला रहे गेहूं की नरवाई

# नहीं थम रही नरवाई की आग, लापरवाही से खेत में खड़ा ट्रैक्टर जलकर खाक

ग्रामीण अंचलों में फसलों की कटाई के बाद अन्नदाताओं द्वारा जलाई जा रही नरवाई की आग थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को नरवाई की आग की चपेट में एक ट्रेक्टर जलकर खाक हो गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

बनखेड़ी ब्लॉक में शनिवार रात्रि को गेंहू नरवाई में लगाई गई आग के कारण लखन लाल लक्ष्मी नारायण लोधी का खेत में खड़ा टैक्टर जलकर खाक हो गया। शनिवार दोपहर 2 बजे सुरेला गांव की घटना है जहां किसान दुर्गेश लोधी निवासी अन्हाई ने गेहूं काटने के बाद अपने खेत में नरवाई में आग लागा दी।

आग इतनी तेज हो गई, आज इतनी तेजी से फैली की किसन के काबू से बाहर हो गई। जिस खेत में नवाई में आग लगाई गई उस खेत के पास दूसरे किसान का ट्रैक्टर खड़ा हुआ था नरवाई की आग ने ट्रैक्टर को अपनी चपेट में ले लिया खेत में खाड़ा नया टैक्टर जलकर खाक हो गया मौके पर फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। बनखेड़ी के अनेक ग्रामों में लगातार सैकड़ो किसन प्रतिदिन गेहूं कटाई के बाद तुरंत नवाई जल रहे हैं नरवाई जल्दी जलाने का कारण किसानों को खेत तैयार करने में सुविधा एवं जल्दी ग्रीष्मकालीन मूंग की बोनी करना है नरवाई में आग लगाना बेहद खतरनाक है बावजूद इसके किसान खतरा हाथ में लेकर गेहूं की नरवाई में आग लग रहे हैं जबकि क्षेत्र में अभी गेहूं कटाई का कार्य चल रहा है। आसपास अनेक किसानों के गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है, बावजूद इसके जिन किसानों की गेहूं कटाई हो गई है वह धड़ल्ले से गेहूं की नरवाई को जला रहे हैं।

गेहूं की नरवाई जलने से बेहद नुकसान है जानकारी के अनुसार गेहूं की नरवाई जलाने से खेतों में मित्र कीट समाप्त हो जाते हैं एवं खेत की मिट्टी कड़क होती है जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता पर प्रभाव पड़ता है किसान द्वारा गेहूं की नरवाई को रोटावेटर एवं बखर के माध्यम से अगर खेत में गड़ा दिया जाए तो खेतों में अधिक समय तक पानी की नमी एवं खेत की मिट्टी भुरभुरी रहती है परंतु किसान जल्दबाजी के चक्कर में गेहूं की नरवाई को जलाकर अपने साथ-साथ दूसरों किसानों का भी नुकसान कर बैठते हैं खेत में जिस किसान का ट्रैक्टर जला उसने पुलिस थाने बनखेड़ी में शिकायत की।

# भट्टी की मरम्मत हुई सड़क से निकलने लगी गिट्टी, धूल में तब्दील हुई सीमेंट

### शिकायतकर्ता ने बताया 1 महीने पहले ही हुआ था मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



सोहागपुर ब्लॉक के भट्टी ग्राम में सड़क का मरम्मत कार्य 1 से डेढ़ माह पहले हुआ था। डेड माह के अंतराल में ही मरम्मत की गई सड़क से गिट्टी निकलने लगी है और सीमेंट लगभग लगभग धूल में तब्दील हो गई है। मरम्मत की गई सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीण विनय पटेल ने 181 पर शिकायत दर्ज कराई है बाबजूद इसके शिकायत कर्ता की शिकायत पर कोई कार्यवाही ना करना प्रशासन की हठधर्मिता बताती है। शिकायत कर्ता विनय पटेल ने बताया कि उन्होंने संबंधित इंजिनियर के खिलाफ शिकायत की है। उनके अनुसार इंजिनियर ने इस सड़क की मरम्मत के बाद इसे कैसे पास कर दिया तो वहीं अन्य ग्रामीणों ने भी उक्त सड़क निर्माण को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जो सड़क 15 साल पहले बनी थी उस सड़क का पुनः निर्माण होना चाहिए था, मरम्मत करके खानापूर्ति की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने 181 पर जो शिकायत दर्ज की है उसका कोई समाधान नहीं निकला है बल्कि अधिकारियों द्वारा उन्हे शिकायत उठाने के लिए कहा जा रहा है। इस संबंध में सीईओ संजय अग्रवाल का कहना है कि उनकी जानकारी में नही है , मामले की जानकारी प्राप्त करके संज्ञान में लिया जाएगा।

# भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस, ध्वज लेकर निकले कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



भारतीय जनता पार्टी ने स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थापित पुरानी गल्ला मंडी में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर एवं उपाध्यक्ष संतोष परते भाजपा नेता अरविंद राय महिला मोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी महिला मोर्चा की नगर एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा की तमाम पदाधिकारी भाजपा युवा मोर्चा से सुजीत रघुवंशी पवन कहार किसान मोर्चा से पवन वालिया अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल सभी वार्डों में सभी पार्षदों के द्वारा वहीं पर नेहरू वार्ड में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल के द्वारा भी स्थापना दिवस मनाया गयासहित सभी पदाधिकारी ने ग्रामीण एवं नगर पालिका क्षेत्र के सभी मतदान केदो पर भारतीय जनता पार्टी का 44 व स्थापना दिवस मनाया गया तथा एक दूसरे को बधाइयां भी प्रस्तुत की गई वहीं पर विधायक ने बताया कि कई मतदान केदो पर लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है जिसमें उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति-नाईटी एवं कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर लोगों ने भाजपा की सदस्य ग्रहण की है उसी के साथ सभी ने अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाते हुए सभी मतदान केदो पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया।

# नगर पालिका में अभी तक 30 करोड़ रुपए से कराया गया विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में महिला अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल के द्वारा अभी लगभग 19 महीने के अपने कार्यकाल में लगभग 30 करोड रुपए के विकास कार्य नगर में पूर्ण हो चुके हैं। जिसमें सड़कों के कार्य अभी निर्माण अधीन है लोक सेवा चुनाव से पहले ही सभी निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए नीना नागपाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक के द्वारा नगर पालिका परिषद की सभी पार्षद के सहयोग से सरकार विकास के कार्य तेजी से कर रही है जैसा अपना अध्यक्ष बनने से घोषणा की थी की सबसे अधिक कार्य विकास कार्य के इसी कार्यकाल में किए जाएंगे। सी सपने को साकार करते हुए 30 करोड रुपए से अधिक के काम पूरे किए जा चुके हैं सुविधाओं के लिए तेजी से कार्य पूरे किए जा रहे हैं 5 करोड़ 5891000 जल को लेकर खर्च किए गए हैं। जल शाखा प्रभारी अरुणठाकुर के द्वारा बताया गया कि स्वच्छ जल लोगों को पीने के लिए मिले इसके लिए पुरानी लाइनों को हटाकर नई लाइन बिछा दिए हैं अभी कार्य चल रहा है लोगों के घर तक स्वच्छ पेयजल देना नगर पालिका की प्रमुखता है जल्द ही पचमढ़ी बस स्टैंड का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो रहा हैका निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो रहा है।

अध्यक्ष ने बताया कि 2 करोड़ 44 लख रुपए से काम की तकनीक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है सरदार वार्ड तक सीसी रोड एक करोड़ 70 लाख के काम तकनीकी स्वीकृति के मिल चुके हैं बाकी शेष कामों को तेजी से प्राप्त होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सभी वार्डों में सड़क नाली नाली के विकास कार्य के काम लगातार संचालित है शहर के लोगों को जल्दी मिल सकती है पार्क निर्माण के लिए 56.38 लख रुपए वाटर बॉडी योजना के लिए 177.63 लाख की कम स्वीकृत हुए हैं शहर को स्वच्छता पर नंबर बढ़ाने के लिए कचरे के निपटारा के लिए डंप साइट भी बनाई जा रही है 28 लाख 41000 से यह तैयार की जानी इसके लिए कचरी का व्यवस्थित धर्म से नेता का हो सके नगर पालिका के द्वारा खरीद ली गई है जिससे बहुत से काम जल्द स्वीकृत होकर लिए जाएंगे रोड लाइट कचरा सड़क जैसी समस्याओं को पूरा किया जा रहा है। कुछ समय के बाद स्वच्छता में नंबर बनाना सफाई को लेकर जा रही है कर प्रगति पाल है सीसी रोड के बाद जब बीच से पौधा रोपण होगा तो बहुत सुंदर नगर लगेगा इसी नगर को जल्द खिलाड़ियों के लिए इंदौर स्टेडियम भी जल्द तैयार किया जाएगा निर्माण कार्य के लिए सभी कार्य लगातार नगर पालिका परिषद से सभी पार्षद उपाध्यक्ष मिलकर काम कर रहे हैं।

# पार्षद ने पौधरोपण कर मनाया अपना जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र के 21 वार्ड में से वार्ड क्रमांक 4 लोहिया वार्ड से भाजपा की पार्षद कौशल्या बलराम ठाकुर का जन्मदिन वार्ड वासियों के एवं उनके पति के सहयोग से आम का वृक्षारोपण करके जन्मदिन मनाया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों के द्वारा उन्हें जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नगर के विकास में सहयोग करने का संकल्प भी दिलाया लाया गया। नगर पालिका परिषद के परिषद में आम का वृक्ष लगाकर कहा कि जन्मदिन के दिन वृक्षारोपण करना सबसे शुभ होता है साथ ही उसी के साथ-साथ यह एक याददाश्त रहती है कि इस दिन हमारा जन्मदिन था जिस दिन हमने वृक्षारोपण किया था उन्होंने वृक्ष को बड़ा करने तथा वृक्ष की देखरेख करने का भी संकल्प लियानगर पालिका द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में भी पार्षद के द्वारा परिवार सहित पहुंचकर वृद्ध जनों से आशीर्वाद लिया तथा उसके पश्चात उन्हें भोजन वितरण भी किया गया वहीं भगवान शनि देव एवं सभी देवताओं का मंदिर भी है सभी का आशीर्वाद लेते हुए उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया फल वितरण का कार्यक्रम भी सिविल अस्पताल में किया गया।

## भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर फहराया पार्टी का झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के 44 वें स्थापना के कार्यक्रम शनिवार को नर्मदापुरम नगर के प्रत्येक बूथों पर आयोजित किये गए। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सुबह अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाकर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने बूथों पर पार्टी के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। बूथों पर पहुंचे वक्ताओं ने पार्टी के इतिहास और विकास से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। बूथ क्रं. 60 पर भाजपा नगरमंत्री मनीष परदेशी ने पार्टी का झंडा अपने घर पर लगाकर कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के बल पर शून्य से शिखर पर पहुंची है और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इसी तरह भाजपा स्थापना दिवस के जिलेभर में कार्यक्रम किए गए।

# रैली व गृह भेंट कर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत नर्मदापुरम जिले में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम द्वारा नर्मदापुरम नगर के मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित बूथ क्रमांक 77, 78, 79 में गृह भेंट कर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही नागरिकों को 26 अप्रैल 2024 को मतदान दिवस के दिन मतदान करने एवं मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया और बताया वोट आपकी शक्ति है एवं इसका उपयोग आपका अधिकार है बताया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा बताया गया है कि जिन बूथों में कम मतदान विगत समय हुआ था उनको चिन्हित कर उनमें विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। मतदाता जागरूकता रैली में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, यश दुबे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# नि:शुल्क न्यूरोथैरेपी चिकित्सा शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्व.भैयाजी चन्ने स्मृति सेवा न्यास इटारसी द्वारा रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में निशुल्क न्यूरोथेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन नगर संघचालक प्रकाश ताम्रकार एवं विमल जी महाराज ने किया। शिविर में न्यूरोथेरेपिस्ट जितेंद्र यादव, मनोज अंजीकर, उमेश विश्वकर्मा, मोहनलाल मालवीय द्वारा 47 मरीजो को परीक्षण एवं थेरेपी की गई। शिविर के समापन पर आभार देवेश यादव द्वारा व्यक्त किया गया।

# मप्र तैलिक साहू समाज युवा संगठन ने कर्मा जयंती पर निकाली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




मध्यप्रदेश तैलिक साहू समाज संगठन की इटारसी शाखा ने मां कर्मा जयंती पर वाहन रैली निकाली। वाहन रैली का शुभारंभ श्री द्वारिकाधीश मंदिर तुलसी चौक से निकाली गई। श्री द्वारिकाधीश मंदिर समिति के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रमेश चांडक, सचिव शैलेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद पगारे, प्रबंधक दिनेश सेनी ने मां कर्मा की पूजन अर्चन की एवं समाज के पदाधिकारियों रमेश के साहू एडवोकेट, रमेश सलोनी साहू, विक्रान्त बड़कुल, अभिषेक साहू, शुभम साहू, प्रज्ञान साहू का स्वागत किया एवं उपस्थित सामाजिक सदस्यों पर पुष्प वर्षा की।

समाज के युवाओं की वाहन रैली श्री द्वारिकाधीश मंदिर परिसर से होकर शहर के अनेक प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और शाम को शिवकर्मा शाहू गार्डन खेड़ा पर समापन किया। यहां मां कर्मा देवी और भगवान जगन्नाथ की महाआरती और कर्मा छप्पनभोग के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

### श्री हनुमान धाम मंदिर समिति करेगी आयोजन, तैयारियों को लेकर मंदिर समिति की बैठक आयोजित

# धूमधाम से मनेगी रामनवमीं व हनुमान जयंती, अयोध्या की झांकी होगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र श्री हनुमान धाम मंदिर समिति हर वर्ष की तरह इस साल भी रामभक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव एवं रामनवमीं पर्व धूमधाम से मनाएगी। दोनों आयोजनों को लेकर रविवार सुबह मंदिर परिसर में समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजन की तैयारियों पर चर्चा के साथ ही सदस्यों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। समिति ने निर्णय लिया है कि हर वर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व निकाला जाने वाला चल समारोह इस बार दो दिन पहले निकाला जाएगा।

बैठक को लेकर मंदिर समिति सदस्य लखन बैस, नरेन्द्र सिंह राजपूत, पवन बोहरा ने बताया कि इस साल तय किया गया है कि 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे रामजन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण होगा। 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा, इसके पूर्व 21 अप्रैल की शाम 4 बजे मंदिर परिसर से चल समारोह पूरे शहर भ्रमण पर निकलेगा। इस साल चल समारोह का मुख्य आकर्षण श्री राम के अयोध्या मंदिर की झांकी का रहेगा। चल समारोह में डीजे, ढोल, घोड़े, अखाड़ा प्रदर्शन एवं राम दरबार भी सजाया जाएगा।

#### ऐसा रहेगा राम जन्म उत्सव कार्यक्रम

श्री रामनवमीं राम प्रगटोत्सव 17 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। 17 अप्रैल दोपहर 12 बजे मंदिर में धूमधाम से रामनवमीं मनाई जाएगी। इससे पूर्व 16 अप्रैल को रामचरित मानस पर आधारित काव्यांजलि का आयोजन साहित्यकार बीके पटेल द्वारा किया जाएगा।

#### श्री हनुमान जयंती पर निकलेगा चल समारोह

रामभक्त हनुमान जी के प्रगटोत्सव पर 21 अप्रैल को शाम 4 बजे हनुमान धाम मंदिर परिसर ओव्हर ब्रिज से प्रारंभ होकर थाना, बस स्टेंड, स्टेशन रोड, आरएमएस चौराहा, जयस्तंभ, द्वारकाधीश मंदिर सराफा से होते हुए वापस हनुमान धाम मंदिर पहुंचेगी। चल समारोह में अयोध्या के राम मंदिर की झांकी, डीजे, बैंड, ढोल एवं अखाड़ा प्रदर्शन होगा। 22 अप्रैल की सुबह मंदिर के नवनिर्मित शिखर का पूजन एवं श्री रामायण समिति द्वारा रामायण पाठ का आयोजन सुबह 9 बजे से होगा। संयोजक नरेन्द्र तिवारी, मोहनदास चौरे एवं हनुमान धाम भजन समिति रहेगी। 23 अप्रैल को नर्मदा स्नान के बाद महाआरती के पश्चात सुबह 5:30 बजे हनुमान जन्मोत्सव आरती के साथ रामभक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे हवन पूजन, पूर्णाहुति के साथ रामायण जी की आरती की जाएगी। इसी दिन शाम 4 बजे से महाआरती एवं भंडारा होगा। बैठक में मनोज सारन, नवनीत शुक्ला, संतोष राजवंशी, पवन मालवीय, मुन्ना नामदेव, पुरषोत्तम सैनी, वासुदेव ठाकुर, मोहनदास चौरे, दीपक हरिनारायण अग्रवाल, मोनू ठाकुर, संजय नगरिया, दयाल सिंह बंजारा, जयराज सिंह भानू, अकरम भाई, नारायण सिंह, राजकुमार यादव, प्रमेश मालवीय, पार्षद राकेश जाधव, राजेश चौरे, आशीष अग्रवाल, शैलेन्द्र ब्रह्भट्ट, बंटी लांबा, रूपकिशोर जायसवाल, गुरू प्रसाद महोबिया, शिवदर्शन सिंह राजपूत, रोहित अहिरवार, जयदीप यादव, विशाल जैन, आदित्य कल्याणी, भविष्य सारन, पारस अग्रवाल, रमेश दुबे, हेमंत बैस, मनोज सोनी, दीपांकर, रूद्रांश राजपूत, राजीव दुबे, विवेक, अरविन्द्रर सिंह भाटिया, सुनील जैन, शैलेन्द्र ठाकुर, अंशुल सहगल, भारत भूषण लच्छू गांधी, देव ठाकुर, प्रशांत अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## कॉलेज में मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**माखन नगर।** रविवार को श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे द्वारा सभी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और विद्यार्थियों को उनकी दिनचर्या सुधारने के लिए प्रेरित किया गया महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता चौबे एवं ग्रंथपाल अजय मेहरा एवं डॉ. मीनू सिंह, डॉ. क्षमा मेहरा, डॉ. सुमन अवस्थी, संध्या गोलियां, रानू झरानिया एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई की प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं के साथ किसी अन्य एक विद्यार्थी का गुटके की लत छुड़ाने का काम करेंगे एवं सभी विद्यार्थी एक दूसरे को गुटखा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे कार्यक्रम का संचालन डॉ अनीता साहू द्वारा किया गया।

## एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा आरोपी भागने में हुआ सफल, तलाश जारी

# चैनपुर पुलिस को सफलता, दो खेतों से 2342 गांजे के हरे पौधे किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चैनपुर पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले आरोपियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें पृथक-पृथक 2 मामलों में गांजे के 2342 हरे पौधे (कुल वजन 7 किवंटल 58 किलो ग्राम) जब्त किए गए हैं। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 75 लाख रुपए है। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा मौके से भागने में सफल हो गया।

गौरतलब है कि पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन, अतुल सिंह और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना इस मामले में कड़े निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार सीमावर्ती महाराष्ट्र से सटे वन क्षेत्र हरण कुंडिया की पहाड़ियों में चोरी छुपे अवैध रूप से गांजे की खेती की जा रही थी। इसकी रविवार को चौकी हेलापडावा



(थाना चैनपुर) पर मुखबिर से सूचना पर गनसिंग उर्फ गणेश अवासे एवं गिना उर्फ ज्ञानसिंग वास्कले भीलाला ग्राम हरणकुंडिया के खेत में पुलिस दल पहुंचा।

यह त्वरित कार्रवाई अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) तरूणेन्द्रसिंह बघेल और अनुविभागीय अधिकारी राकेश आर्य के मार्गदर्शन मे चौकी हेलापडावा एवं थाना चैनपुर की पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम ने जब गनसिंग उर्फ गणेश के खेत में घेराबंदी कर दबिश दी तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। उसके खेत से अवैध गांजे के कुल 465 हरे पौधे वजन 02 किवंटल 7 किलो ग्राम जप्त किए गए। इसी प्रकार पुलिस ने हरणकुंडिया में ही गिना उर्फ ज्ञानसिंग पिता कुवरसिंग वास्कले जाति भीलाला के खेत मे भी दबिश दी गई। जिसमें गांजे के कुल 1877 हरे पौधे कुल वजन 05 किवंटल 51 किलो ग्राम जप्त किए गये। इस दौरान आरोपी गिना झाड़ियों का फायदा उठा कर मौके से फरार हो गया, जिसकी गिररफ्तारी के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। इन दो प्रकरणों में पुलिस टीम ने पृथक-पृथक 2 प्रकरणों मे अवैध गांजे के कुल 2342 हरे पौधे कुल वजनी 7 किवंटल 58 किलो ग्राम पुलिस द्वारा जप्त किए हैं। उक्त कृत्य पर गनसिंग उर्फ गणेश अवासे के विरुद्ध 111/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट और गिना उर्फ ज्ञानसिंग के विरुद्ध 112/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव राकेश आर्य एवं थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक नाथूसिंह रंधा व थाना प्रभारी बिस्टान निरीक्षक अनिल बामनिया के मार्गदर्शन मे उनि करणराज राठौर, उनि मुकेश हायरी, कावा. सउनि संतोष चौधरी, सउनि चन्द्रकांत महाजन, प्रआर मनीषा सोलंकी, आरक्षक शशांक चोहान, रितेश पटेल, हरिनारायण और आरक्षकों में रविशंकर, विजय, कान्हा, धर्मेन्द्र राहुल कटारिया, गौरव,अमित, बादल, चोलाराम, सत्यम, राहुल पाली, महिला आरक्षक वर्षा, चेतना, सपना जमरे, अनिल वास्कले ने विशेष योगदान दिया।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज से तीन दिवसीय लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**खंडवा।** खंडवा लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तीन दिवसीय लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। आज उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भीकनगांव में दोपहर 12 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। शाम 4 बजे झिरन्या में ट्रैक्टर प्रमुखों की बैठक, शाम 7 बजे भीकनगांव में प्रबुद्ध जनों से चर्चा। 9 अप्रैल को उपमुख्यमंत्री देवड़ा खंडवा विधानसभा क्षेत्र के कालमुखी में दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। शाम 4 बजे अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर खंडवा में अनुसूची जाति सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम 7 बजे खंडवा में प्रबुद्धजन एवं व्यापारी भाइयों के साथ भाजपा कार्यालय में बैठक करेंगे। रात्रि 8 बजे अनाज मंडी में आयोजित भजन संध्या में शामिल होंगे। 10 अप्रैल को नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के डौईफोडीया में दोपहर 12 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद खंडवा मुंदी होते हुए इंदौर प्रस्थान करेंगे।

## शहर में आवारा कुत्तों का आतंक

# इंदिरा कॉलोनी में 4 साल के बच्चे पर किया हमला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

शहर में पिछले कुछ दिनों से आवारा कुत्तों के आतंक से शहर के लोग खासे चिंतित हैं। रात के समय कुत्ते लोगों पर हमले कर रहे हैं। शनिवार रात भी 4 साल का एक बालक हादसे का शिकार हुआ। दक्ष पिता गौरव मशरूवाला निवासी इंदिरा कॉलोनी पर कुत्ते ने हमला कर गर्दन और हाथ, पैर में काट लिया। बालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खास बात यह है कि इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में ही महापौर निवास है। इससे कुछ ही दूरी पर बच्चे पर कुत्ते ने हमला किया।

### समय सीमा की बैठक में लिया है अभियान चलाने का निर्णय

पिछले दिनों नगर निगम में हुई समय सीमा की बैठक में आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने निर्णय लिया था कि शहर में कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अफसरों से कहा था कि कुत्तों की नसबंदी कराई जाएगी। शहर के अलग अलग वार्डों में कैंप आयोजित कर कुत्तों को टीका लगाएंगे, लेकिन अब तक ऐसा कोई अभियान चालू नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान खुलने का महिलाएं कर रही विरोध

**हरदा।** खिरकिया तहसील मुख्यालय के वॉर्ड 11 व 12 की महिलाएं रविवार को रिहायशी इलाके में खुलने वाली शराब दुकान के खुलने के पहले ही उसे हटाए जाने को लेकर अनिश्चिकालीन धरने पर बैठ गई। महिलाओं ने शराब दुकान हटाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। महिलाओं का कहना है कि यदि मोहल्ले में शराब की दुकान खुल जाती है तो वहां से उनका निकलना मुश्किल होगा। महिलाओं और वार्ड के लोगों ने छीपाबड़ थाने पहुंचकर टीआई को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का कहना है कि जिस स्थान पर शराब दुकान खोली जाना प्रस्तावित है उसके पास मंदिर है। वहीं आसपास लोगों के मकान भी हैं। इसी रास्ते से बच्चों का स्कूल आना जाना है।

### डबल हत्याकांड में 6 आरोपी गिरफ्तार

हरदा। 4 दिन पहले सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रन्हाई रोड पर हुई दो लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी आरडी प्रजापति ने बताया कि बंगाली कॉलोनी के सामने एक खाली प्लाट पर एक व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना पुलिस की मिली थी। जहां पर पहुंचने के दौरान मृतक की पहचान शैतान सिंह कलम के रूप में हुई थी। जांच के दौरान दूसरे व्यक्ति सईद शाह की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस को जांच के दौरान मृतकों द्वारा आरोपियों को बाइक से कट मारने के दौरान हुए झगड़े में मारपीट के चलते 6 आरोपियों ने दो लोगों की लाठियों से पीट पीटकर हत्या करने की बात पता लगी थी। पुलिस ने शुक्रवार को घटना के मुख्य आरोपी शेख यूनुस कट्टू पिता शेख मुबीन उम्र 28 साल निवासी बंगाली कॉलोनी एवं गुड्डू उर्फ गौतम पिता गणेश चन्द्र राय निवासी बंगाली कालोनी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था। फरार चल रहे 4 आरोपियों में अमन गौर निवासी निवासी सादानी कम्पाउंड, पर्व पिता उदय कुमार नागवंशी सादानी कम्पाउंड, आदर्श विराडे निवासी चौबे कालोनी एवं जगदीश पवार रन्हाई रोड बंगाली कालोनी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### सड़क हादसे में पत्रकार भारत यादव की मौत

**खरगोन।** वरिष्ठ पत्रकार भारत यादव का ओंकारेश्वर जाते वक्त कतर गांव में कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।



उन्हें मंडलेश्वर लाया गया था, जहां से उन्हें इंदौर रेफर कर दिया। मोटरसाइकिल से दोनों पति-पत्नी ओंकारेश्वर जा रहे थे। पत्नी को गंभीर चोट आने से धामनोद रेफर किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार भारत यादव का निधन हो गया।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एयर बैलून लगाया गया




**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित करने के लिए हरदा जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रविवार को नेहरू स्टेडियम में मतदान की अपील युक्त एयर बैलून लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह, जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया तथा अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गोडा के साथ-साथ अन्य अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मतदाताओं को जागरुक करने विभिन्न गतिविधियां आयोजित

# दीप जलाकर व शपथ दिलाकर किया मतदान के लिए प्रेरित

**हरदा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत भवन कुकरावद में दीप जलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसी प्रकार रविवार को ग्राम बैरागढ़ में गणगौर कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाकर 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा जिले के वनग्राम बड़झिरी व वन परिक्षेत्र मगरधा में उपस्थित जनसमुदाय को मतदान की शपथ दिलाई गई।



## पोस्टर बनाओ और नारा लेखन प्रतियोगिता आज

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जगह-जगह मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत 8 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के हॉल में प्रातः 10 बजे से पोस्टर बनाओ, नारा लेखन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्रा सहभागिता करेंगे। इसके अलावा 9 अप्रैल मंगलवार को टिमरनी में वाहन रैली आयोजित की जाएगी। यह वाहन रैली प्रातः 10 बजे तहसील कार्यालय टिमरनी से प्रारम्भ होकर बस स्टेण्ड होते हुए मण्डी नाका, शंकर मंदिर, भैरा बाबा होते हुए अग्रवाल भवन वाले रास्ते से होते हुए सूर्या टावर पर सम्पन्न होगी।

# चैत्र नवरात्रि से राम नवमी तक मेले में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला 9 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

ग्राम धामनगांव स्थित मां वाघेश्वरी के मंदिर में हर साल चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ग्रामोदय मेले का आयोजन होता है। 2 दशकों से यह परंपरा चली आ रही है। इस साल भी चैत्र की नवरात्रि में 9 अप्रैल गुड़ी पड़वा से 17 अप्रैल राम नवमी तक ग्राम धामनगांव में ग्रामोदय मेला लगेगा। इस बार मेले का स्वरूप लोकसभा चुनाव और आदर्श आचार संहिता के कारण संक्षिप्त रहेगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने बताया आदि शक्ति के पर्व चैत्र नवरात्र पर बुरहानपुर के ग्राम धामनगांव में 9 अप्रैल गुड़ी पड़वा से 17 अप्रैल श्रीराम नवमीं 2024 तक मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला का आयोजन होगा। जिसमें महिलाओं, बच्चों के लिए मीना बाजार, झूले, चौपाटी, मिक्की माउस, ऊंट, घोड़े, कुल्फी, आईस्क्रीम, बर्फ के गोले की दुकानों सहित युवक, युवतियों की पसंदीदा कपड़ों की दुकानें लगेगी। 12 अप्रैल को शाहपुर के ज्ञानदीप विद्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। वहीं 17 अप्रैल को श्री राम नवमी पर ग्राम धामनगांव में रात 8 बजे से भक्तिमय खाटूश्याम बाबा की विशाल भजन संध्या होगी। खेल प्रतियोगिताएं, कृषक संगोष्ठी सहित अन्य आयोजन नहीं किए जाने का निर्णय लिया गया है। चैत्र रात्रि के 9 दिनों तक विधायक अर्चना चिटनिस यहां रात्रि में रूककर प्रतिदिन होने वाली पूजा अर्चना में सम्मिलित होंगी। वहीं धामनगांव पहाड़ी जैसा हरियाली नुमा बंभाड़ा शिवपर्वत पर जारी वन संस्कार अभियान जारी रहेगा। चैत्र नवरात्रि के 9 दिनो में वन संस्कार अंतर्गत शिव पर्वत पर पौधारोपण कार्य जारी रहेगा, पिछले 14 सालों से यह मेला लग रहा है।

### जिला प्रशासन और मीडिया प्रतिनिधियों की टीम के बीच मैच संपन्न

# मतदाता जागरुकता क्रिकेट मैच में प्रशासन इलेवन की टीम विजय हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत रविवार सुबह स्थानीय नेहरू स्टेडियम मे जिला प्रशासन एवं मीडिया प्रतिनिधियों की टीम के बीच क्रिकेट मैच संपन्न हुआ। जिसमें प्रशासन की टीम विजयी रही। जिला प्रशासन की टीम ने 12 ओवर के इस मैच में 150 रन बनाए। जिसके जवाब में मीडिया इलेवन की टीम 12 ओवर में कुल 103 रन ही बना सकी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

मैन ऑफ़ द मैच का खिताब प्रशासन इलेवन की टीम के राहुल चौहान को मिला।




सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गोडा को मिला जिन्होंने कुल 35 रन बनाए। सर्वश्रेष्ठ बॉलर का खिताब के के शुक्ल को मिला जिन्होंने कुल 3 विकेट लिए। इससे पूर्व क्रिकेट मैच के प्रारंभ में कलेक्टर सिंह ने दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई। मैच के समापन अवसर पर कलेक्टर सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमो को अलग-अलग ट्रॉफी प्रदान की।

## महिलाओं ने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की

# गणगौर उत्सव: संजय नगर महिला मंडल ने निकाला गणगौर माता का बिठौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

संजय नगर महिला मंडल द्वारा शनिवार शाम 5 बजे संगीता खंडेलवाल के निवास स्थान से गणगौर माता का बिठौरा निकाला गया। बिठौरा लेकर महिलाएं संजय नगर सुंदर नगर भक्ति में झूमते गाते हुए कॉलोनी में से होते हुए मोहन नगर में पुरोहित के मकान में गणगौर माता जी का बिठौरा लाया गया। इस अवसर पर सुधा चौकसे, संगीता खंडेलवाल, अनीता पुरोहित, लीना महेश्वरी, कविता चौकसे, स्नेहा पूर्वे, निलिमा जैन, सलोनी खंडेलवाल, प्रतिष्ठा, बरखा वर्मा, मनीषा बोरोले, अंजलि जैन आदि महिलाएं उपस्थित थीं। सुधा चौकसे ने बताया अमर सुहाग के लिए कुंवारी और सुहागिन महिलाएं इसे पूजती है। मां गौरी और भगवान शिव की घर-घर में पूजा होती है। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर माटी के ईसर और गणगौर से वरदान मांगती हैं। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने पार्वती को सौभाग्यवती रहने का वरदान दिया था।

स्नेहा पूर्वे ने बताया त्यौहार को लेकर उनेक कथाएं प्रचलित है। गणगौर कथा के अनुसार एक बार भगवान शिव,पार्वती माता और नारद जी साथ में भ्रमण के लिए निकलें और चैत्र शुक्ल तृतिया के दिन एक गांव पहुंचे। उस गांव की गरीब महिलाओं को जब उनके आने की खबर मिली तो वो थाल में हल्दी और अक्षत लेकर उनके स्वागत के लिए पहुंच गई।



इसी प्रकार संगीता खंडेलवाल,अनीता पुरोहि ने भी बताया कि यह त्यौहार भगवान शिव और देवी पार्वती के प्रेम और विवाह को समर्पित है। गणगौर एक ऐसा त्योहार है जिसे लड़की हो या महिला हर कोई मनाता है। त्योहार के दौरान अविवाहित लड़कियां और विवाहित महिलाएं दोनों ही पूरे रीति रिवाजों और रीति रिवाजों के साथ भगवान शिव और माता पार्वती के एक रूप गणगौर की पूजा करती है।

# मंदिर परिसर में विनती के बुलावे के साथ झुलाया भगवान महावीर का पालना

## 21 अप्रैल को मनाया जाएगा भगवान महावीर का जन्म महोत्सव

**खंडवा।** बाजे कुण्डलपुर में बधाई जहां महावीर जन्मे.., उस प्यारे महावीरा का नाम लो साथियों बिगड़ों हुआ बनेगा सारा काम साथियों.., सिद्धार्थ के द्वार बधाई देने चलो जहां त्रिशला देवी जाए महावीर जी कराय..., मेरे महावीर झूले पालना... जैसे अन्य संगीतमय भजनों की प्रस्तुति नंदराम नगर स्थित चंद्र प्रभु जैन मंदिर में जैन मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन संध्या एवं विनती के बुलावे में प्रस्तुत की गई। हजारों वर्ष पूर्व बिहार के कुण्डलपुर में चैत्र शुक्ल तेरस के दिन मां त्रिशला के यहां भगवान महावीर ने जन्म लिया और जन्म से ही वे कर्मयोगी बने और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। ऐसे अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर की जन्म जयंती 21 अप्रैल को सकल जैन समाज द्वारा धार्मिक उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसके पूर्व समाज के अलग-अलग मंडलों द्वारा भजन संध्या के साथ विनती बुलावों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में भजन संध्या में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति के साथ भगवान महावीर के पालने को झुलाया। कार्यक्रमों की आयोजित कड़ी में 9 अप्रैल को सरावगी जैन धर्मशाला में रात्रि 8 बजे जय जिनेंद्र महिला मंडल की ओर से भजन संध्या का आयोजन आयोजित होगा। 10



अप्रैल को जैन विला कहां नगर में सुरमई शाम वीर गुणगान की प्रस्तुति 11 अप्रैल गुरुवार को नवकर नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव भजन संध्या भक्ति गीतों के साथ मनाया जाएगा, 16 अप्रैल को पोरवाल परिवार द्वारा सराफा जैन धर्मशाला में भजन संध्या, 19 अप्रैल को घासपुरा जैन मंदिर परिसर में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, 21 अप्रैल वॉइस ऑफ विस्मिता ग्रुप द्वारा भगवान महावीर का पालना सजाओ प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर जैन सोशल ग्रुप द्वारा 20 एवं 21 अप्रैल को तापड़िया गार्डन में धार्मिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति शहर के विभिन्न मंडलों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी।